तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025



15 दशहरा पर्व हमें सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता...





16 अतिरिक्त सचिव मनीष ने किया भैंसबोड़ अमृत सरोवर...






# भाभी की हत्या के मामले में देवर की हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

■ भाभी के मना करने पर मौत के घाट उतारा

शहर के वार्ड नंबर 17 में पिछले दिनों हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। हत्या आरोपी मृतक का देवर ही निकला, जिसने शराब के नशे में अपनी भाभी से शादी की जिद पर अड़ गया। इसी बीच दोनों में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा की शराबी देवर ने भाभी का गला घोटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर की रात अमन अपनी भाभी प्रीति के घर आया। दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। इसी दौरान अमन ने नशे में भाभी से शादी करने की जिद ठान ली। प्रीति ने समाज और लोकलाज का हवाला देकर शादी से इनकार कर दिया, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया।

## शराब के नशे में शादी का बनाया था दबाव

### पति की मौत के बाद अकेली रह रही थी प्रीति

जांच में सामने आया कि प्रीति की शादी अमन के बड़े भाई पप्पू सेमरे से हुई थी, जो जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम का कार्य करते थे। बीते वर्ष जुलाई 2023 में बीमारी के कारण पप्पू की मौत हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद प्रीति को अनुकंपा नियुक्ति के तहत अस्पताल में नौकरी मिली। वह अपनी मां और छोटी बच्ची के साथ किराए के मकान में रहती थी। परिजनों ने बताया कि पति की मौत के बाद से अमन प्रीति के संपर्क में बना रहता था और जब-तब शराब पीने के बहाने उसके घर आता-जाता था।



### दोनों को थी शराब की लत : सीएसपी

दल्लीराजहरा सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि दोनों शराब के आदी थे। शादी को लेकर हुए विवाद के चलते अमन ने अपनी भाभी की गला दबाकर हत्या की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है।पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि वारदात के समय आरोपी का मानसिक और नशे की स्थिति क्या थी तथा शराब की बोतलें कहां से आईं।

विवाद इतना उग्र हुआ कि गुस्से में आकर अमन ने भाभी का गला घोंट दिया। हत्या के बाद आरोपी ने कमरे में ही शव के पास कंबल ओढ़कर रातभर सोया रहा। सुबह से शाम तक किसी को घटना की भनक तक नहीं लगी। 2 अक्टूबर की शाम मृतका की मां छाया बाई जब अपनी नातिन के साथ बेटी के घर लौटीं तो दरवाजा बंद मिला। कई बार आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला, जिससे उन्हें अनहोनी का आभास हुआ। मोहल्ले वालों की मदद से जब दरवाजा तोड़ने की कोशिश की जा रही थी, तभी अंदर से आरोपी अमन अपना बैग लेकर भागने लगा,स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। जब कमरे के अंदर झांका गया तो प्रीति की लाश बिस्तर पर चादर से ढंकी पड़ी थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# दो वाहनों में भिड़ंत, हुए क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

गुण्डरदेही थाने के सामने मुख्य मार्ग पर 3 अक्टूबर को दोपहर करीब 12.30 बजे दो वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद दोनों ही वाहन चालकों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों चालकों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

शांत कुमार बिंजेकर निवासी गंजपारा बालोद ने पुलिस को बताया कि वह अपनी वाहन क्र. सीजी 24वी 7491 से मुंगफली लोड करने के लिए बालोद से गुण्डरदेही आ रहे थे। थाना गुण्डरदेही के सामने मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे वाहन क्र. सीजी 07 एवाई 2380 के चालक ने उन्हें ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उनके वाहन का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने शांत कुमार बिंजेकर की रिपोर्ट पर धारा 184 एलकेएस 281 बीएनएस ▸▸शेष पेज 15 पर

## कार की ठोकर से मोटर साइकिल सवार घायल, मामला दर्ज

बालोद। पुलिस द्वारा मोटर सायकल को ठोकर मारकर भागने वाले कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 01 अक्टूबर के रात्रि एनएच0 30 मार्ग ग्राम चिटौद हनुमान मंदिर के पास एक्सीडेंट होने की सूचना पर घटना स्थल पहुंचकर देखे तो एक क्षतिग्रस्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 ए0एन0 9640 एवं एक कार सफेद रंग क्रमांक सीजी 17 केयु0 1231 क्षतिग्रस्त हालत में रोड़ पर थे। जिसके पास में घायल सूरज साहू, हेमराज साहू एवं राहुल यादव घायल अवस्था में लहु लुहान हालत में पड़े थे। आसपास भीड़ में मौजूद लोगो ने बताया कि रात्रि करीबन 10.30 बजे धमतरी की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 17 के. यु. 1231 के चालक ने विपरीत दिशा ग्राम पुरूर की ओर से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 ए0एन0 9640 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मोटर सायकल में सवार सूरज साहू के दोनो पैर में, हेमराज साहू एवं राहुल यादव के सिर एवं चेहरा में चोट आकर खून निकला है। जिन्हे 108 एम्बुलेंस से तत्काल जिला अस्पताल धमतरी उपचार हेतु भर्ती कराये है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से घायल बाइक चालक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद


ग्राम झलमला के पास ईट से भरी ट्रैक्टर ट्राली और बाईक मे टक्कर हो गई, जिसमे बाईक चालक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सोरर करहीभदर निवासी डोमेन्द्र मारकण्डे बालोद से अपने घर जा रहा था। जहां रास्ते मे ईट से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने बाईक चालक को ठोकर मार दी। जिससे वह वही गिर गया व ईट से भरी ट्रैक्टर ट्राली के इंजन के पहिये के नीचे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आस पास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया जहां ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। वही पुलिस मामले का कारण जानने की कोशिश करते हुए जांच मे जुट गई है।












# मैत्रीबाग-जू में पर्यटकों को तेंदुआ का इंतजार, रखने के लिए एनक्लोजर बनकर तैयार

**छह माह पूर्व की गई थी तैयारी, मैत्रीबाग में कम हो रहा जानवरों का कुनबा**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर के आकर्षक जानवरों में कुछ सिंगल ही बचे हैं। यदि जल्द ही इनकी संतति नहीं बढ़ी तो इस प्रजाति के अन्य प्राणियों का आकर्षण खत्म हो जाएगा। ऐसे चंद एकाकी वन्य प्राणियों में तेंदुआ प्रमुख है। अन्य जू से इसका नर पार्टनर अब तक यहां नहीं लाया गया है।

उल्लेखनीय है कि मैत्रीबाग जू में सिर्फ एक ही मादा तेंदुआ है। इसकी उम्र भी करीबन 10 साल की हो चुकी है। इसे देखते हुए छह महीने पूर्व यहां जानवरों के एक्सचेंज योजना के तहत एक तेंदुआ लाए जाने की तैयारी थी। इसके लिए वाइट टाइगर के एनक्लोजर के बाजू में आगंतुक तेंदुआ के लिए नये कैज का निर्माण भी किया गया था।

लेकिन अब तक तेंदुआ के नहीं आने से पर्यटकों को निराश होना पड़ रहा है। सैलानियों ने बताया कि अधेड़ सिंगल तेंदुआ के चल बसने के बाद एनक्लोजर खाली हो जाएगा। इसे देखते हुए जल्द यहां नर तेंदुआ के लाए जाने की जरुरत है।



### क्रोकोडायल बना आकर्षण का केंद्र

मैत्रीबाग में पखवाड़ेभर पूर्व कानन पेंडारी जू से लाया गया एक क्रोकोडायल (मगर) यहां पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बारिश के मौसम में फर्स्ट हाफ में गुनगुनी धूप का मजा लेने जब दस फीट लंबा यह क्रोकोडायल रेंगते हुए पानी के बाहर सतह पर आता है तो सैलानी अपने मोबाईल कैमरे से रोमांचित होते फोटो लेते रहते हैं। मैत्रीबाग में अब इस मादा मगर के साथ दो क्रोकोडायल हो गए हैं। एक अन्य नर क्रोकोडायल छह माह पूर्व यहां लाया गया था। जानकार सूत्रों के यहां क्रोकोडायल का पेयर यानी नर व मादा होने के बाद भी मेटिंग नहीं हो सकती है। इसकी वजह इनका बाड़ा यानी पानी का पोखर छोटा है। वैसे क्रोकोडायल की उम्र 50 से से 70 साल होती है। मैत्रीबाग में इसके सालभर पूर्व भी दो मगर हुआ करते थे। एक एक कर दोनों की मौत के बाद पिछले छह माह में दो मगर यहां लाए जा चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### दूरसंचार विभाग में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के दूरसंचार विभाग में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह मनाया गया। मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी के मुख्य आतिथ्य तथा महाप्रबंधक प्रकाश की अध्यक्षता में सुरक्षा ध्वज फहराकर सप्ताह शुरु किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक एस भट्टाचार्य ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में क्विज़, पोस्टर, स्लोगन, निबंध और कविता प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अग्निशामक यंत्रों के प्रदर्शन, प्राथमिक उपचार तथा लाइफस्टाइल डिज़ीज़ पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। महाप्रबंधक एचआर सिरमौर भी उपस्थित थे। समापन समारोह सीजीएम टीके कृष्ण कुमार के मुख्य आतिथ्य व महाप्रबंधक यूव्ही सुभद्रा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं दूरसंचार विभाग के उत्कृष्ट सुरक्षा कार्मिक और उत्कृष्ट सुरक्षा ठेका श्रमिकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक संदीप यादव व गिरिराज देशमुख ने किया।

### सियान सदन के वरिष्ठजनों का किया सम्मान



**भिलाई।** बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा संचालित भिलाई इस्पात सियान सदन में अन्तरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वरिष्ठजनों का सम्मान, भजन कार्यक्रम तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। जेएन ठाकुर एक्टिंग सीजीएम एबी श्रीनिवास, महाप्रबंधक शिखा दुबे, डां. नवीन कुमार जैन, प्रशांत तिवारी, डां. निशि मिंज अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक शिवरासन डीजीएम अपर्णा चंद्रा व केके वर्मा और केवी.विजयालक्ष्मी भी उपस्थित थे मुख्य अतिथि ने वरिष्ठजनों का गुलाब भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए उनके लिए और अधिक सुविधाएं मुहैया कराने तथा उनके जीवन को सुखद एवं आनंदमय बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। सत्य साईं सेवा मंडली द्वारा भजन सुनाए गए। 90 वर्ष से अधिक आयु के बीएल ढींगरा व बांगा का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। संचालन अपर्णा चंद्रा व धन्यवाद ज्ञापन उपप्रबंधक केके वर्मा ने किया।

## टाउनशिप में अधिकतर मकान मांग रहे मेंटेनेंस व विस्तार

# आवासीय समस्या से जूझ रहे हैं एमटीटी से लेकर सीजीएम

**यूनियनों ने प्रबंधन से की नए टूबीएचके व थ्रीबीएचके मकानों का निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप में कर्मचारियों और अधिकारियों के आवासीय समस्या में प्रबंधन की उदासीनता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। स्थिति यह हो गई है कि एक तरफ नए कर्मचारी एमटीटी को भी अच्छे आवास नही मिल रहे हैं वहीं दूसरी ओर कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को भिलाई निवास में रहने मजबुर होना पड़ रहा है। यूनियनों ने जल्द बड़े और सुविधायुक्त आवास बनाए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के आवास पचास से साठ साल पुराने होने के कारण जर्जर हो चुके हैं। फिर कर्मियों के अधिकतर आवास काफी छोटे हैं,जो आज की जरुरत के हिसाब से कमतर हैं। एक बड़ी समस्या बेजा कब्जों की है,जिसके चलते भी कर्मियों व अधिकारियों को मकानों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बढ़ती आवासीय समस्या को देखते हुए यूनियनों द्वारा पिछले कई साल से बड़े मकान निर्माण किए जाने की मांग सेल व लोकल प्रबंधन से की जा रही है लेकिन अब तक परिणाम शून्य है। इंटक के महासचिव वीबी सिंह बताते हैं कि प्रबंधन से टू बीएचके व थ्री बीएचके मकान बनाए जाने की मांग की गई है। इससे कर्मियों व परिवार को जर्जर और तंग मकान में रहने मजबूर नहीं होना पड़ेगा। कीर्तिमान उत्पादन करने वाले कर्मियों की उनकी बेसिक नीड को जल्द पूरा करने गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरुरत है।



### जर्जर व छोटे आवास में कई समस्याएं

टाउनशिप के सभी सेक्टरों में अधिकतर मकान जर्जर हो चुके हैं। अनेक ब्लाकों को तो प्रबंधन अनफिट कर चुका है। जर्जर होने के कारण आवासों में सीपेज, खिड़की दरवाजे टूटफूट, स्लैब व छज्जा गिरने और वायरिंग तथा गटर बाथरुम जाम होने की समस्या लाइलजा हो चली है। कर्मियों के हजारों मकान दो कमरे के हैं, जो तंग हैं। इनमें बढ़े परिवार व भौतिक सामानों के साथ गुजारा मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा एक बड़ी समस्या पेशेवर कब्जाधारियों द्वारा सैकड़ो आवासों में कब्जे की है, जिसके चलते कर्मियों व अधिकारियों को आवास की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### एमटीटी व सीजीएम परेशान

टाउनशिप में चौतरफा आवासीय समस्या की कीमत ट्रेनी कर्मियों से लेकर बड़े अफसरों तक को चुकानी पड़ रही है। जर्जर व बेजा कब्जा वाले मकानों के चलते करीबन दर्जन भर मुख्य महाप्रबंधक भिलाई निवास में रहने मजबूर हैं। कई किराए के मकान में रह रहे हैं। इसी तरह एमटीटीई कर्मियों को भी अच्चे मकान नहीं मिलने से अन्यत्र किराए या जर्जर मकानों में रहने मजबूर होना पड़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक जर्जर मकानों को मेंटेनेंस नहीं कराने व नए आवास नहीं बनाने से एमटीटी कर्मियों निराशा है। उन्हें इस बात की पीड़ा है कि कोल व एनटपीसी जैसे उपक्रमों अच्छे मकान हैं तो बीएसपी क्यों ध्यान नहीं दे रही है।

# निकाय के अधिकारी-कर्मचारी तबादला आदेश के 15 दिन बाद अंततः हुए रिलीव

**लंबे समय तक ट्रांसफर रुकवाने की जुगत में थे, लेकिन नहीं चली सिफारिश**

**नगरीय निकाय ने लंबे समय बाद की सर्जरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

18 सितंबर को निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला आदेश जारी हुआ। आदेश जारी होने के बाद ट्रांसफर रुकवाने के लिए कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया, लेकिन उनका ट्रांसफर नहीं रुका। अंततः शुक्रवार को आयुक्तों ने उन्हें रिलीव कर दिया। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर अफसरों ने अपनी नई जगह पर ज्वाइनिंग भी ले ली। दूरदराज भेजे गए अधिकारी कर्मचारी सोमवार को ज्वाइनिंग लेंगे।

बता दें कि कई कर्मचारियों ने ट्रांसफर रुकवाने के लिए संगठन के बैनरतल नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से भी मुलाकात की। इस दौरान सभी ने अपनी-अपनी समस्याएं भी रखी, लेकिन ट्रांसफर आदेश में संशोधन नहीं हुआ। शुक्रवार को भिलाई में पदस्थ ईई विनीता वर्मा को दुर्ग, ईई रवि सिन्हा को भिलाई-चरोदा, उपअभियंता सिद्धार्थ साहू को दुर्ग, सहायक अधीक्षक अजय शुक्ला को बिलासपुर, डाटा एंट्री ऑपरेटर शरद दुबे को जगदलपुर और स्टेनो टाइपिस्ट संजय शर्मा को कोरबा के लिए रिलीव किया गया। दुर्ग में भी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को रिसाली के रिलीव किया गया।





बता दें कि 18 सितंबर को नगरीय निकाय ने लंबे समय बाद तबादला आदेश जारी किया था। भिलाई निगम के कई अधिकारी जो लंबे समय से जमे हुए थे, उन्हें दूरदराज के क्षेत्रों में भेजा गया है। ट्रांसफर आदेश के मुताबिक स्वच्छता निरीक्षक भैय्यालाल असाटी को बीरगांव का ट्रांसफर हुआ। हालांकि वे रिलीव नहीं हुए हैं। दुर्ग में कार्यपालन अभियंता प्रकाश थवानी की वापसी हुई है। वे वर्तमान में भिलाई-चरोदा में पदस्थ थे। भिलाई से स्वच्छता पर्यवेक्षक विवेक साहू को धमतरी भेजा गया है।

### निकायों में नजर आएंगे कई नए इंजीनियर

जानकारी के मुताबिक आदेश के बाद जिले के निकायों में नए इंजीनियर नजर आएंगे। इनमें फत्तेलाल साहू को भिलाई, प्रभाकर शुक्ला को भिलाई-चरोदा, विनीता वर्मा ईई भिलाई को दुर्ग, संजय वर्मा को भिलाई, रवि सिन्हा को भिलाई से चरोदा, प्रकाशचंद्र थवानी को चरोदा से दुर्ग, दिनेश नेताम को दुर्ग से कवर्धा, सिद्धार्थ साहू को भिलाई से दुर्ग, अशोक देवांगन को राजनांदगांव से भिलाई भेजा गया है। कुम्हारी के साधना अहिवार को महासमुंद, एके निर्मलकर को पाटन से पिथौरा, ढालेंद्र ठाकुर अमलेश्वर, प्रवीण साहू अमलेश्वर से पाटन, सुप्रिया नायक दुर्ग से रायपुर भेजी गई हैं।

### लेखापाल और लिपिक का भी ट्रांसफर

दुर्गेश गुप्ता को रिसाली से दुर्ग, बीनू वर्मा को चरोदा से जगदलपुर, अर्जुन पवार भिलाई, अजय बनिक रिसाली, विनय शर्मा भिलाई, शुभम महतो रिसाली से कुम्हारी, जितेंद्र देवांगन रिसाली से अहिवारा, अंकित यदु रिसाली से चरोदा, धर्मेंद्र मिश्रा दुर्ग से रिसाली, अंजू खाखा संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग, किरण वर्मा रिसाली से भिलाई, विनय शर्मा रिसाली, योगेश सूरे रिसाली, नितिन श्रीवास कुम्हारी से दुर्ग, डोमन निषाद रिसाली सहित अन्य कर्मचारियों को ट्रांसफर किए गए थे। सभी को ज्वाइनिंग के निर्देश हुए हैं। इसके साथ ही आनन-फानन में कर्मचारियों ने ज्वाइनिंग शुरू कर दी है।

# सेल में जल्द बढ़ेंगे 22 कार्यपालक निदेशक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेल में पदस्थ बड़े साहबों का बहुत जल्द ओहदा बढ़ने वाला है। शनिवार से दिल्ली में शुरु होने वाले दो दिनी इंटरव्यू में भिलाई इस्पात संयंत्र के भी आधा दर्जन वरिष्ठ अधिकारी रेस में शामिल हैं। कुल 22 मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) कार्यपालक निदेशक ( ईडी) प्रमोट होंगे। इसके लिए आज यहां गहमागहमी का माहौल रहा।

सेल में सीजीएम से ईडी के पद पर पदोन्नति के लिए पिछले पखवाड़ेभर से तैयारी चल रही थी। पात्र मुख्य महाप्रबंधकों को उच्च प्रबंधन से बुलावे का पिछले महीनेभर से बेसब्री से इंतजार था। ईडी के लिए इंटरव्यू सेल कार्पोरेट आफिस दिल्ली में शनिवार और रविवार को होना है। भिलाई इस्पात संयंत्र से मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय, विजय कुमार बेहरा, अनूप दत्ता, कार्तिकेय बेहरा, एसके घोषाल, राजीव पांडेय और आरबी गहरवार कुल 7 सीजीएम ईडी के लिए इंटरव्यू देंगे। पूरे सेल में 115

- बीएसपी के भी सात मुख्य महाप्रबंधक देंगे इंटरव्यू

मुख्य महाप्रबंधकों को इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया गया है। इनमें कुल 22 सीजीएम ईडी के रुप में पदोन्नत होंगे। प्रमोट होने वाले वरिष्ठ अफसरों को सेल की अन्य यूनिटों में स्थानांतरित किया जा सकता है। प्रमोशन को लेकर यहां बीएसपी में पात्र सीजीएम में खासा उत्साह है वहीं क्राईटेरिया के चलते इंटरव्यू से वंचित कुछ मुख्य महाप्रबंधकों में किंचित निराशा है।

### मैत्रीबाग में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह में होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं, पांच से होंगे कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यान विभाग द्वारा अक्टूबर माह के प्रथम और द्वितीय सप्ताह में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बीएसपी व नान बीएसपी स्कूली बच्चों के मध्य चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता होगी। मैत्री बाग के मोमबत्ती लान में प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों के लिए 5 अक्टूबर को 10 बजे से 12 बजे तक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त वन्य प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता 7 और 8 अक्टूबर को सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 7 में होगी । प्रतियोगिता में प्रवेश निःशुल्क होगा तथा हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में भाषण प्रस्तुत किया जा सकेगा। प्रत्येक शाला से अधिकतम पाँच प्रतिभागी प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकेंगे।

# एमआरडी का कीर्तिमान भेजे 108 स्लैग वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल रिकवरी विभाग एमआरडी ने एक ही दिन में 108 वाहनों में स्लैग की बिक्री एवं भेजने का कीर्तिमान बनाया है।

यह उपलब्धि हाल ही में प्रारंभ किए गए अतिरिक्त कैनाल गेट के माध्यम से संभव हो सकी, जिसे

- सामूहिक प्रयास से मिली सफलता, मिली सराहना

कुछ माह पूर्व सीईडी, इंस्ट्रूमेंटेशन, सी एंड आईटी तथा मैकेनिकल सर्विसेज विभागों के समन्वित प्रयासों से परिचालन प्रक्रिया में शामिल किया गया था।एलडी स्लैग का कुशल प्रबंधन और निष्पादन न केवल इस्पात उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह परिपत्र अर्थव्यवस्था की दिशा में संयंत्र के प्रयासों को भी सशक्त बनाता है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत ने कहा कि अतिरिक्त कैनाल गेट के परिचालन में आने से मिल की कार्यप्रणाली में और अधिक सुदृढ़ता सुनिश्चित हुई है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि जब विभिन्न इकाइयाँ एक साझा लक्ष्य के लिए सामूहिक प्रयास करती हैं, तो बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। महाप्रबंधक आलोक माथुर और उनकी टीम ने आवश्यक सहयोग प्रदान कर योगदान दिया।

# पाइपलाइन में लीकेज के कारण 9 और 10 को आधे शहर में रहेगी पेयजल आपूर्ति प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई के 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट के पम्प हाउस में स्थापित कॉमन मैनी फोल्ड पाइप में लीकेज सामने आया है। इसके संधारण में 2 दिन समय लगने की संभावना है। 1000 एमएम डाया एमएस पाइप लाइन का संधारण 8 और 9 अक्टूबर को किया जाना है। इस मेंटेनेंस के कारण शहर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। 8 अक्टूबर को जलप्रदाय किया जाएगा। 9 और 10 अक्टूबर को भिलाई निगम के जोन 02, 03, 04 एवं जोन 01 के कोहका उच्चस्तरीय जलागार से जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। संधारण कार्य पूर्ण होने पश्चात पूर्व की भांति जल प्रदाय किया जाएगा।

**कर्मियों व अधिकारियों के महंगाई भत्ता में 2.8 वृद्धि**

# बीएसपी कार्मिकों के डीए को मिली हरी झंडी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। सेल प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के महंगाई भत्ते बढ़ोत्तरी को हरी झंडी दे दी है। अक्टूबर 2025 से दिसंबर 25 तक डीए में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे कार्मिकों में हर्ष है। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अक्टूबर पेड नवंबर माह वाले वेतन में किया जाएगा। नया महंगाई भत्ता ( अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025) 51.8 प्रतिशत है। पिछला महंगाई भत्ता( जुलाई 2025 से सितंबर2025) 49 प्रतिशत था। कुल महंगाई भत्ता में 2.8 फीसदी बढ़ोत्तरी की गई है। जबकि एआईसीपीआईएन (जून2025)-145.0, जुलाई 2025)- 146.5 और अगस्त 2025) 147.1 निर्धारित है। यूनियन सूत्रों के मुताबिक कर्मियों व अधिकारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अक्टूबर पेड नवंबर महीने के वेतन के साथ किया जाएगा। इसके साथ ही अधिकतर ग्रेज्युटी का भुगतान 25 लाख रुपए होना भी सुनिश्चित हुआ है।



# पिछले साल 5.76 लाख टन धान की खरीदी, 6 लाख टन मिलर्स को किया जारी, 52 हजार टन अब भी डंप



अतुल अग्रवाल ⏭दुर्ग

वर्ष 2024-25 का धान अब भी संग्रहण केंद्रों में डंप है। जानकारी के मुताबिक सेलूद और कोड़िया संग्रहण केंद्र में करीब 528917.38 क्विंटल यानी करीब 52 हजार टन धान डंप हैं। बता दें कि जिले में 102 सहकारी समितियों के माध्यम से 106624 किसानों ने 576107.12 लाख टन धान की खरीदी हुई थी। इसमें अब तक 600913.89 टन धान मिलर्स को जारी किया जा चुका है।

इसमें नागरिक आपूर्ति निगम में मिलिंग के बाद 114538.312 टन चावल जमा हुआ है। इसी प्रकार एफसीआई को 239781.304 टन चावल रिलीज किया जा चुका है। वर्तमान में एक बड़ी मात्रा अब भी जमा नहीं हो पाई है। इसे लेकर पूर्व में दी गई 30 सितंबर की डेडलाइन खत्म हो चुकी है, लेकिन अब भी मिलर्स ने चावल एफसीआई और नाम में जमा नहीं कराया है। वहीं धान संग्रहण केंद्र में रखा हुआ है। मार्कफेड का दावा है कि यह धान पूरी तरह सुरक्षित है। डिमांड के अनुरूप इसे आवंटित किया जा रहा है। 15 अक्टूबर तक पूरा धान क्रेताओं और मिलर्स को जारी कर दिया जाएगा। इधर शासन स्तर पर धान खरीदी की तैयारी शुरू कर दी है। किसानों का ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। इसे लेकर गाइडलाइन जारी नहीं हुई है, अगले हफ्तेभर के अंदर गाइडलाइन जारी होने की संभावना है। वहीं 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने जा रही है। इसे ध्यान रखते हुए शासन तैयारी कर रही है। हालांकि दुर्ग में फसल को पकने में अभी समय है।

**राजहरा माइंस अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

# जेएलएन अस्पताल के विशेषज्ञों ने दी अपनी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस चिकित्सालय में निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। शिविर में 620 से अधिक परामर्श प्रदान किए गए, विभिन्न नैदानिक जांच, उपचार के साथ 16 इंट्राआर्टिकुलर इंजेक्शन और 12 प्लास्टर लगाए गए गए। शिविर के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं सहायक अधिकारियों एवं कार्मिकों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां.





कौशलेंद्र ठाकुर सहित पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद बिनायके (मेडिसिन), डॉ. चित्रा सुनोव (नेत्र रोग), डॉ. प्राची मेने (ईएनटी), डॉ. इमैनुएल मैसी (अस्थि रोग), डॉ. कौशिक किशोर (पीडियाट्रिक), डॉ. निशा ठाकुर (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ. धीरज शर्मा (जनरल सर्जरी), डॉ. शशांक अग्रवाल (त्वचा रोग), डॉ. निलेश चंद्रा (पेन मैनेजमेंट), संध्या शर्मा (कनिष्ठ प्रबंधक), श्रीमती श्वेता शर्मा (फिजियोथेरेपी), सुरजा जयप्रसाद (नर्सिंग स्टाफ), डीएनबी डॉ. सारिपुत्ता (अस्थि रोग), डीएनबी. डॉ. सुनील सिसोदिया (मेडिसिन), डीएनबी डॉ. तनया (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डीएनबी. डॉ. अनुज (नेत्र रोग), डीएनबी. डॉ. सौम्या (ईएनटी) तथा कलोल (रेडियोलॉजी तकनीशियन) जएलएन अस्पताल सेक्टर नौ के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। इसके अतिरिक्त राजहरा मेडिकल चिकित्सालय के सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी डां. मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस अस्पताल की टीम भी उपस्थित थी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने प स्थानीय लोगों को आवश्यक चिकित्सकीय सेवा प्रदान की। स्वास्थ्य सम्बन्धी सत्र भी आयोजित किए गए, जहां मरीजों को विभिन्न निवारक उपायों और जीवन शैली अपनाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### जागरुकता सत्र भी हुआ

राजहरा माइंस अस्पताल में सशक्त नारी, स्वस्थ परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। निशा ठाकुर ने परिवार नियोजन, डॉ. कौशिक किशोर ने रेबीज के रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक किया।

### पोषण माह में स्वस्थ जीवन शैली, दिए टिप्स

**अंडा।** सेक्टर अंजोरा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत अंजोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 6 में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण ऊषा झा ने हितग्राहियों एवं पालकों को नियमित आंगनबाड़ी आने एवं हर माह बच्चो का वजन, ऊंचाई लेकर बच्चो के पोषण स्तर को जानने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने हर माह आंगनबाड़ी से मिलने वाले अतिरिक्त पोषण आहार को केंद्र से ले जाने और हितग्राही को बराबर मात्रा में हितग्राही को ही स्वयं खाने की सलाह दी। गीताजंली भैंसारे ने स्थानीय फल, सब्जी, स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के दिए टिप्स।

## खबर संक्षेप

### फटाका फोड़ने पर विवाद 4 पर मामला दर्ज

**बालोद।** दशहरा के अवसर पर फटाका फोड़ने को लेकर विवाद करते हुए चार लोगो ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी, जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है, जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम सिरसिदा निवासी गौकरण साहू ने पुलिस को बताया कि 01 अक्टूबर को रात्रि करीबन 10 बजे दशहरा कार्यक्रम के दौरान फटाखा फोडने की बात को लेकर मेरे भाई सुरेश साहू के साथ गांव के पृथ्वी बघेल, सुनिधी बंजारे ग्राम ओटेबंद के साथ वाद विवाद हुआ था। उसी संबंध में 03 अक्टूबर को रात्रि करीबन 10 बजे पुरानी लडाई झगडा की बात को लेकर मेरे घर के सामने तुम हमारे खिलाफ थाना में शिकायत किये हो कहकर गांव के पृथ्वी बघेल, रघुवीर बघेल, टेकसिंग बघेल व सुनिधी बंजारे निवासी ओटेबंद ने गाली गलौच करते हुये धमकी देकर हाथ मुक्का से व पृथ्वी बघेल, रघुवीर बघेल, सुनिधी ने बांस का डंडा से मारपीट किये है। मारपीट करने से प्रार्थी का बांये कान, चेहरा, मुंह, सिर तथा शरीर में अंदरूनी चोंट लगा है।

### शास्त्री जयंती समारोह में कैबिनेट मंत्री हुए शामिल

**दुर्ग।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न पं. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती डिपरापारा में मनाई गई। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर उनके योगदान और आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शास्त्री का सादा जीवन, सत्यनिष्ठा और दृढ़ संकल्प आज भी पूरे देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनके द्वारा दिये गए नारा जय जवान, जय किसान आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि शास्त्रीजी ने अपने अल्पकालीन कार्यकाल में भी जनता के मन में गहरी छाप छोड़ी। शास्त्री जी के विचार हमें यह सीख देते हैं कि सच्चाई और ईमानदारी से किया गया हर कार्य समाज और राष्ट्र को मजबूती प्रदान करता है।

### कार्यशाला में अपलोडिंग के लिए पंजीकृत संस्थाओं को दिया प्रशिक्षण

**दुर्ग।** भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर षिक्षा विभाग के ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेषन के अंतर्गत संयुक्त तत्वाधान में हेमंचद यादव विष्वविद्याय द्वारा वर्ष 2024-25 के डाटा अपलोडिंग हेतु पंजीकृत उच्चतर शिक्षण संस्थाओं को एक दिवसीय प्रषिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक कुलसचिव एवं समन्वयक, हिमांषु शेखर मंडावी ने बताया कि कार्यषाला प्रातः 11:00 बजे से दोहपर 3:00 बजे के मध्य कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर 07, भिलाई में किया गया।

पर्व : उत्साह के साथ मनाया विजयादशमी पर्व

# दशहरा पर्व हमें सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है : विधायक ललित





हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

विजयदशमी का पर्व शुक्रवार को भी परंपरा अनुसार उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह आतिशबाजी के साथ अहंकारी रावण का पुतला दहन किया गया रावण के साथ-साथ बुराई के प्रतीक कुंभकरण और मेघनाथ का भी पुतला जलाया गया। जय श्री राम के नारे के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश अब बुराइयों को खात्मे का संकल्प लिया गया। ग्राम कुथरेल में बुराई के प्रतीक रावण दहन किया गया। रावण दहन के पूर्व रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा राम रावण के बीच संवाद और युद्ध का मंचन किया गया। इस मौके पर जमकर आतिशबाजी किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुथरेल आयोजित दशहरा महोत्सव में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ और प्रभु श्रीरामचंद्र जी की पूजा-अर्चना कर उनका पवित्र आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा। यह पर्व हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आइए, मिलकर भाईचारे और समर्पण की भावना को और सशक्त बनाएं।

विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, सत्य के मार्ग में कितनी भी परेशानियां और कठिनाईयां क्यों न हो, विजय सदा सत्य की होती है। श्री चंद्राकर ने कामना किया कि विजयादशमी का पावन पर्व सभी के जीवन में नकारात्मकता और कठिनाइयों का अंत करने के साथ सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

#### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ताम्रध्वज साहू पूर्व मंत्री गृह एवं लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रमशीला साहू पूर्व मंत्री, महिला एवं बा.वि.वि. छ.ग. शासन, बालमुकुन्द देवांगन पूर्व विधायक खेरथा विधानसभा क्षेत्र, डॉ. अरूण अरोरा कुलपति, स्वामी विवेकानंद वि.वि. भिलाई, अतुल पर्वत वेयरमेन, मिलाई केन डू पर्वत फाउंडेशन, केशव बंटी हरमुख उपाध्यक्ष, श्रम कल्याण मंडल छ.ग. शासन आशा विक्की मिश्रा सदस्य, जिला पंचायत दुर्ग माननीय कुलेश्वरी देवांगन अध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, लोमश चन्द्राकर सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, गीता गजपाल सरपंच, ग्राम पंचायत कुथरेल, लोकनाथ साहू उपसरपंच, ग्राम पंचायत कुथरेल, पदाधिकारी गण विशेष सहयोगकर्ता गण बी.ई.सी. फूड्स कंपनी कुथरेल छगन लाल चांडक कनक विल्डमार्ट कुथरेल गोपाल पांड़े पिसेगांव संजय (गोलू) रूंगटा दुर्ग, सिद्धार्थ पारख दुर्ग हिरामन लाल साहू , कुथरेल डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू , कुथरेल अध्यक्ष-पुष्पेन्द्र चन्द्राकर (विक्की) उपाध्यक्ष- डॉ. नरेन्द्र दास मानिकपुरी डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष- टीकाराम साहू सचिव-राजेश चन्द्राकर , गालव प्रसाद देशमख, सह सचिव नारायण, प्रसाद यादव अभिषेक चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर पूर्व जनपद सदस्य, सहित आस पास के ग्रामीण जन सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

## रावण दहन केवल परंपरा नहीं बल्कि सत्य, धर्म और न्याय की जीत का प्रतीक है : टिकेश्वरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में श्री राम नात्य कला मंच के तत्वाधान में विजयदशमी का पर्व गुरुवार को परंपरा अनुसार उत्साह के साथ मनाया गया जगह-जगह आतिशबाजी के साथ अहंकारी रावण का पुतला दहन किया गया रावण के साथ-साथ बुराई के प्रतीक कुंभकरण और मेघनाथ काफी पुतला जलाया गया। जय श्री राम के नारे के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश अब बुराइयों को खात्मे का संकल्प लिया गया रावण दहन के पूर्व रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा राम रावण के बीच संवाद और युद्ध का मंचन किया गया। बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ दशहरा मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चिंगरी, अछोटी, भरदा कोनारी के पूर्व जनपद सदस्य टिकेश्वरी लाल देशमुख, विशेष अतिथि निर्मल देशमुख, जनपद सदस्य बेला यादव,सरपंच पुष्पा वाघमारे,पूर्व सरपंच पुष्पा देशमुख,विजय साहू सहित लीला मंडली के सदस्य गण संतोष पाटिल, छन्नु साहू, हरिलाल देशमुख, बाला राम साहू, रघुनाथ साहू, राजेश देशमुख, रेखलाल पटेल, डोमन साहू, ज्योति साहू, सुखनंदन साहू, चन्द्रहास साहू, कुलेश्वर देशमुख, साकेंत पटेल, रोमन निर्मलकर, अमित,लक्ष्मण यादव, चेतन यादव, बलदीप साहू,सहित अन्य सहयोगी गण सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य टिकेश्वरी लाल देशमुख ने अपने उदबोधन में सभी ग्रामवासी को नवरात्रि और विजय दशमी पर्व की कोटी कोटी बंधाई दी, और कहा कि रावण दहन केवल परंपरा नहीं, बल्कि सत्य, धर्म, और न्याय की जीत का प्रतीक हैं, उन्होंने कहा कि इस पर्व से हमें बुराइयों को छोडकर अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा मिलती हैं।

## आयुक्त पहुंचे डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में, पानी की टेस्टिंग के दिए निर्देश



**भिलाई।** शिवाजी नगर क्षेत्र में डायरिया का संक्रमण अब भी बरकरार है। लगातार उल्टी-दस्त के मरीज मिल रहे हैं। इसे देखते हुए आयुक्त राजीव पांडेय ने शुक्रवार को प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। डायरिया पीड़तों से पूछताछ की। अवैध नल कनेक्शन काटने और पानी के सैंपल लेने के निर्देश दिए। जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। वार्ड-51 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, मोहल्लों व नालियों की सफाई के साथ दवाई छिड़काव कराए जाने की जानकारी दी। आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को व्यवस्था सुधार के लिए निर्देशित किया। आयुक्त ने पीड़ित परिवारों को पानी उबालकर पीने, घर में बने गरम भोजन का सेवन करने की सलाह दी। वार्ड के अलग-अलग स्थानों से जहां पर हैण्डपंप एवं भागीरथी योजना से नल लगाया गया है, उसके पानी का सैंपल लेकर लैब जांच के लिए भेजने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोनल सहित सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया दशहरा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा



ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गज ईडीह में इस वर्ष भी परंपरागत ढंग से दशहरा पर्व का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। रात्रि कालीन कार्यक्रम में गांव और आसपास से भारी संख्या में ग्रामीणजन एकत्रित हुए। गांव के सांस्कृतिक मंच पर रावण दहन एवं विविध धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें ग्रामीणों की गहरी आस्था और सहभागिता देखने को मिली। दशहरा पर्व के अवसर पर आकर्षक अखाड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने अपनी कला, शक्ति और साहस का प्रदर्शन किया। इसे देखने बड़ी संख्या में दर्शक उमड़ पड़े। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद भीड़ का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजन में ग्राम समिति के पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। समिति अध्यक्ष यशवंत कोकिला, सचिव डोमन कोकिला, कोषाध्यक्ष ईश्वर देहारी, सदस्य गुणित राम भुआर्य, दाऊ राम निषाद, बिरेंद्र निर्मलकर, संत राम निर्मलकर, त्रिलोचन भुआर्य और मदन लाल तारम सहित अन्य सदस्य लगातार आयोजन को सफल बनाने में जुटे रहे। उनके सहयोग और नेतृत्व से पूरा आयोजन सुव्यवस्थित और भव्य रूप में सम्पन्न हुआ। दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में पूजा-अर्चना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। लोकगीतों और नृत्यों से सजे इस कार्यक्रम ने उत्सव की गरिमा को और बढ़ा दिया। गांव में दशहरा पर्व को लेकर दिनभर उत्साह का माहौल रहा। रात्रि होते-होते वातावरण और भी जीवंत हो उठा, जब हजारों की भीड़ अखाड़ा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने पहुंची।

### निर्माण कार्य के लिए 6 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** जिले के विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत एक कार्य के लिए 6 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत उक्त राशि की स्वीकृति दी है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर द्वारा अहिवारा विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 नंदिनी नगर अहिवारा गुरूद्वारा के पास अहिवारा पेवर ब्लाक निर्माण हेतु 06 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### तीन युवकों के खिलाफ मारपीट और गाली गलौज मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

मोहल्ले में युवको के बीच हो रहे गाली गलौज व मारपीट को मना करने पर युवको ने मना करने वाले व्यक्ति के साथ ही मारपीट कर दी, जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शीतला पारा गुंडरदेही निवासी रोशन महिलांगे ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर को रात्रि 11:30 बजे मेरे घर के सामने शीतला पारा गुंडरदेही में मोहल्ले के अमजद खान, सैफान खान, शमसुद्दीन खान नशे की हालत में लड़ाई झगड़ा कर गाली गलौज कर रहे थे, जिसे मेरे द्वारा मना करने पर तुम हम लोगों को मना करने वाले कौन होते हो कह कर इस बात को लेकर गाली गलौज करते हुए धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर मेरे हाथ को मरोड़ दिए। जिससे मेरे दाहिने हाथ की सोल्डर में चोट आई है।

पेज 13 का शेष...

### दो वाहनों में भिड़ंत...

के तहत मामला दर्ज किया है। इसी तरह घनश्याम निवासी वार्ड 20 कुम्हारी, जिला दुर्ग ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मेटाडोर क्रमांक सीजी 07 एवाई 2380 ख़ाली गाड़ी लोड करने के लिए बालोद जा रहे थे। थाना गुण्डरदेही के सामने मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे वाहन क्र. सीजी 24 एस 7491 के चालक ने उन्हें ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उनकी मेटाडोर का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने घनश्याम की रिपोर्ट पर भी धारा 184 एलकेएस 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।गुण्डरदेही पुलिस अब दोनों मामलों की जांच कर रही है।

### पेंशनधारी संघ की बैठक कल

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 अक्टूबर को सुबह 12 बजे से किया गया है। अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा ने बताया उक्त बैठक में प्रांत से प्राप्त विभिन्न जानकारी प्रदान की जाएगी, आने वाले माह नवंबर में पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र भरने संबधित जानकारी एवं अन्य आवश्यक जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी जाएगी, इसलिए सभी पेंशनर साथी अधिक संख्या में उपस्थित होकर मासिक बैठक में दी जाने वाली जानकारी का लाभ लें।

### बीएसपी ने उपलब्ध नहीं कराई 10 एकड़ जमीन सांसद से मिले मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मज़दूर कार्यकर्ता समिति और मेहनतकश आवास अधिकार संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर सांसद विजय बघेल से मुलाकात की गई। हॉस्पिटल सेक्टर के निवासियों ने आवेदन सौंपा। आवेदन में कहा गया कि पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय और पूर्व सांसद ताम्रध्वज साहू ने अपने कार्यकाल के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक से बैठक कर कहा था कि यदि नगर निगम भिलाई को 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाती है, तो हॉस्पिटल सेक्टर के लगभग 700 परिवारों को आवास निर्माण कर प्रदान किया जाएगा। संयंत्र प्रशासन ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति भी दी थी। किन्तु आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसके विपरीत, अब संपदा कार्यालय में इस संबंध में पेशी लगाई जा रही है।

कार्यक्रम देखने बारिश के बीच भी आस पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे

# नेवारीकला में किया रामलीला का मंचन





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

ग्राम नेवारीकला में वर्षों पुरानी परंपरा को जीवंत रखने ग्रामीण बच्चे, युवक व बुजुर्गों द्वारा लगातार 81वें साल रामलीला का मंचन किया। जिसे देखने के लिए आस पास के ग्रामीण पहुंचे। जहां हल्की बारिश के बीच भी लोग रामलीला का मंचन देखने छाता लेकर बैठे रहे।

ग्राम नेवारीकला में एकादशी के अवसर पर रावण दहन वर्षों से किया जा रहा हैं, जहां ग्राम के मानस भवन से डांग डोरी के साथ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान को रथ में बैठाकर बाजे गाजे के साथ नाचते गाते ग्राम भ्रमण करते हुए बाजार चौक स्थित रावण के सीमेंट के पुतले को मारा गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम नेवारीकला में इस वर्ष तीन पीढ़ियों द्वारा संयुक्त प्रयास से रामलीला में नए किरदार जोड़ते हुए रामलीला को नए कलेवर में पेश किया गया। इसके तहत ग्राम के बच्चे, युवा व बुजुर्ग सावन महीने के अंतिम दिनों से ही रामलीला की तैयारियां में लग जाते हैं तथा ग्राम के एक भवन में ईकठ्ठा होकर अपने संवादों के रिहर्सल में जुटे रहते हैं। ग्राम नेवारीकला के लोग सावन महीने के अंतिम दिनों में अपने काम धंधों के साथ दिनभर के कामों को खत्म कर देर शाम ग्राम के मानस भवन में ईकठ्ठा होकर पात्र अनुसार रामलीला के संवादों का रिहर्सल देर रात तक करते दिखते हैं। जिसका परिणाम यह रहता है कि कलाकार बिना देखे ही रामलीला मंचन के दौरान घंटे तक चलने वाले अपने कई संवादों को बिना देखे ही भाव भंगीमा के साथ बोलते दिखते हैं। जिसे देख गांव के साथ बाहर से आए लोग प्रशंसा करते नहीं थकते। वहीं ग्राम में रावण दहन के तहत 80 साल पुराने सीमेंट का पुतला है जो इतने साल होने के बाद भी पहले जैसा मजबूत खड़ा हुआ है तथा इसमे समय के साथ तेज धूप व बारिश मे खराब होने जैसी कोई स्थिति नहीं दिखती। जिसे रावण दहन के तहत भगवान राम के वेशभूषा धारक द्वारा मारा जाता है। ग्रामीणों का मानना है कि इससे प्रदूषण नहीं होता तथा पूर्वजों द्वारा वायु प्रदूषण को ध्यान में रखकर ऐसी पहल की गई थी।

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि रामलीला के मंचन में उपयोग लाए जाने वाले पर्दे भी करीब 80 साल पुराने हैं जिसे देखने पर आज भी नए पर्दे की भांति अहसास होता है, जिसमें इसने साल हो जाने के बाद भी पर्दों के रंग नहीं हटे हैं और पर्दे पहले की तरह है जिसे रामलीला समिति द्वारा सहेज कर रखा जाता है। पर्दों में राजमहल, जंगल के साथ भगवानों के कलाकृति अंकित है, जो लीला के मंचन के दौरान शोभायमान होते हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130





**खबर संक्षेप**



## आईटीआई में हुआ कौशल दीक्षांत समारोह

**डौंडीलोहारा।** शनिवार को शासकीय आईटीआई डौंडीलोहारा में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2025 में आयोजित अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा में प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक व्यवसाय के शीर्ष तीन प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.बी.आई. बालोद के डिप्टी मैनेजर विकास राहांडले थे। अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य आर.के. कुर्रे ने की। मुख्य अतिथि राहांडले ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में कौशल आधारित शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम का संचालन पूषा लाल साहू द्वारा किया गया। समारोह में प्रशिक्षकगण, प्रशिक्षणार्थी एवं आमंत्रित गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ट्रक की ठोकर से बोलेरो चालक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** मां को अस्पताल मे भर्ती कर देर रात बोलेरो के माध्यम से घर जा रहे व्यक्तियों को ट्रक ने ठोकर मार दी, जिसके बाद बोलेरा चालक द्वारा ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है, जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुसुमकसा निवासी पवन कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि वाहन क्रमांक सीजी 07 एमए 8605 को चलाता हूं। 02 अक्टूबर को रात्रि 09.00 बजे मे मैं उक्त वाहन से मेरी मां टिकेश्वरी साहू को उपचार हेतु अस्पताल राजहरा ले गया था, जहां भर्ती कराया था, वहां से मैं अपने भैया लक्ष्मण साहू के साथ वाहन से वापस अपने घर आ रहे थे कि रात्रि 02 बजे पेट्रोल पंप दल्लीराजहरा के पास सामने से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 6192 का चालक ने हमारे बोलेरो वाहन को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे सिर व दाहिने हाथ की उंगली व बायें पैर मे चोंट आया है तथा वाहन के सामने भाग क्षतिग्रस्त हो गया है।

**निधन**

## गंगाराम साहू



**बालोद।** ग्राम मेंड़की निवासी गंगाराम साहू का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे भूपेंद्र साहू, रूपेश साहू एवं भूषण साहू के पिता थे।

**जानकारी : ग्राम सभाओं में किसानों के रकबे और बोए गए फसल की दी जा रही जानकारी**

# डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का बालोद जिले के पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में पठन किया जा रहा है। इसमें एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत हुए गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन कर ग्रामीणों को उनके रकबे और बोए गए फसल की जानकारी दी जा रही है। ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण की सूची को चस्पा भी की गई है, जिसका ग्रामीण अवलोकन कर अपने रकबे और फसल की जानकारी ले रहे हैं। जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम बोड़की, देवारभाट, डौंडी विकासखंड के ग्राम बोरगांव, उकारी, डौंडीलोहारा विकासखंड के खैरा, तुमडीसुर, गहिरानवागांव एवं गुरुर विकासखंड के दुपचेरा, पीरीद, आड़ेझर में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर डिजिटल क्रॉप सर्वे और मैनुअल गिरदावरी का वाचन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में किसानों के फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल टाइम में किया गया, जिसमें खेत की भौगोलिक स्थिति के साथ फसल की फोटो अपलोड की गई है। राज्य शासन द्वारा भू-नक्शों के जीव-रिफ्रेसिंग के पश्चात अब त्रुटिरहित फसल सर्वेक्षण संभव हुआ है। इस पहल का उद्देश्य त्रुटिरहित फसल गिरदावरी सुनिश्चित करते हुए किसानों के फसलों की सटीक और तकनीकी जानकारी एकत्रित करना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल फसल सर्वेक्षण में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज की गई है। जिससे किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी।





### ग्रामसभा में विलेज विजन कार्य योजना का वाचन और अनुमोदन

**बालोद।** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के डौंडी, बालोद एवं गुरुर विकासखंड में ग्रामों में विशेष ग्रामसभा आयोजित कर विलेज विजन 2030 कार्य योजना का वाचन एवं अनुमोदन किया गया।

आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के सभी चयनित ग्रामों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन किये जाने शासन के सभी विभागों ग्राम के स्व सहायता समूह तथा गांव के निवासियों



द्वारा गांव में आपसी विचार बीमार से पश्चात कार्य योजना तथा ग्राम विकास योजना का निर्माण किया गया। उल्लेखनीय है कि विकासखंड डौंडी के आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत चयनित ग्रामों में 11 ग्रामों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार डौंडीलोहारा के 50 गांव एवं गुरुर विकासखंड के 2 और बालोद विकासखंड के 5 गांव में विशेष ग्रामसभा आयोजित कर गांव में तैयार किए गए कार्य योजना का अनुमोदन किया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पंच परिवर्तन के संकल्प पर है अग्रसर





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। इस निमित्त बालोद नगर में विजयदशमी एवं पथ संचलन कार्यक्रम रखा गया।

शताब्दी वर्ष के प्रथम कार्यक्रम विजयादशमी उत्सव में शस्त्र पूजन कर पथ संचलन देशभक्ति गीत गाते हुए नगर के मुख्य मार्ग से स्वयंसेवक गुजरे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय क्रीड़ा भारती प्रमुख कौशलेंद्र पटेल थें। उन्होने कहा 1925 में संघ का कार्य व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से प्रारंभ हुआ। अब हम समाज परिवर्तन की दिशा में तेजी से समाज की सज्जन शक्ति को लेकर बढ़ रहे हैं। संघ अपनी शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का विषय लेकर समाज के प्रत्येक घर तक पहुंचाने का प्रयास करेगा। जिसका प्रारंभ नगर स्तर पर विजयादशमी उत्सव पथ संचलन से होकर वृहद ग्रह संपर्क अभियान, मंडल एवं बस्ती स्तर पर हिंदू सम्मेलन, प्रमुख जन गोष्टी, सामाजिक सद्भाव बैठकें, युवा केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर भारत का समृद्धशाली इतिहास को दृष्टि में रखते हुए राष्ट्र की भारतीय अवधारणाओ से परिचय प्राप्त करना है। इस अवसर पर बालोद जिला के सह जिला संघचालक राजेश्वरराव — दत्त, बालोद नगर के नगर संघचालक संतोष दुबे, नगर कार्यवाह छगन यादव सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।



# क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुईं विधायक संगीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा विल्स स्टार क्रिकेट क्लब अधिकारी कर्मचारी समिति बड़भूम के तत्वावधान में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुईं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुमीत राजपूत, महामंत्री शादिक अली, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, सरपंच ग्राम पंचायत बड़भूम शिला संदीप यादव, शहर युवा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंकुश दीवान, ग्रामीण अध्यक्ष साधुराम कुरैटी, सेवानिवृत करारोपण अधिकारी नारायण कुरैटी, उपसरपंच रामाधार कुंजाम, पंच रोशनी मंडावी, मधु कुरैटी, दिव्यन्तीं मंडावी, प्रमोद कुंजाम, गिरधारी कोरेटी, जलशू कुंजाम, हरक मंडावी के अलावा आयोजक समिति के अध्यक्ष रिमेंद्र कुंजाम, उपाध्यक्ष पिंटू कुंजाम, तरुण मंडावी, सचिव रामनारायण उइके, कोषाध्यक्ष दुष्यन्त उईके, सहसचिव शीतेश्वर हिड़को, सरंक्षक जैल सिंह उईके, प्रमोद कुंजाम, दिगेश कांगे सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# जीएसटी घटने से आम लोगों को मिल रहा है लाभ : भाजपा




### मंडल स्तरीय बैठक में भाजपा सदस्यों ने गिनाई प्रधानमंत्री की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी रिफार्म पर जामगांव आर भाजपा मंडल स्तरीय कार्यशाला जैन भवन में शनिवार को हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी जिला भाजपा उपाध्यक्ष हर्षा लोकमनी चंद्राकर एवं जीएसटी रिफार्म वक्ता मंडल संयोजक नरेश केला थे। कार्यशाला में जिला भाजपा मंत्री शैलेंद्री मंडावी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, मछुआ संघ प्रदेश कोषाध्यक्ष नेतराम निषाद, महामंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा, जस रामकुमार चंद्राकर, अकताई सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद, पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू मंचासिन रहे। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी कार्यशाला में पधारे अतिथियों का आभार व्यक्त किए।

**देश को आत्मनिर्भर बनाने स्वदेशी अपनाए-** मुख्य वक्ता जिला भाजपा उपाध्यक्ष हर्षा लोकमणि चंद्राकर ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कब क्या करना है कैसे करना है हमारे देश भक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निस्वार्थ भाव से सोच समझकर निर्णय लेते है, जिसका सदपरिणाम विश्व गुरु बनने की ओर भारत कदम बढ़ा रहा है। जब जरूरत पड़ी जीएसटी लगाकर जनता का प्यार प्राप्त किए और अब उतना जरूरत नहीं है तो जीएसटी दर कम करके आम जनता पर भरपूर प्यार लुटा रहे है। पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने भी प्रकाश डाले। जीएसटी रिफार्म मंडल संयोजक नरेश केला ने कहा कि जीएसटी कम होने से रोजमर्रा के सामनों के दर में तो कमी आई है और मोटरसाइकल वाले अब कार खरीदकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीएसटी कम करने के लिए दिल से आभार व्यक्त कर रहे है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर लूभम बंछोर, भाजपा नेता तीरथ पटेल, अभिषेक सेन, नेतराम निषाद, यशवंत यादव, मेघनाथ सागरवंशी, गुमान साहू, सीताराम साहू, देवानंद देवांगन, चंद्रिका चंद्राकर की विशेष उपस्थिति रही।

## ग्राम जगन्नाथपुर में कल दशहरा महोत्सव, 30 फीट रावण पुतले का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाटाबोड़

बालोद ब्लॉक के ग्राम जगन्नाथपुर में युवा शक्ति दशहरा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासीयों के तत्वाधान में कल को दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 30 फीट रावण का पुतला दहन किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में समिति सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं। रात्रिकालीन कार्यक्रम में सूरज के किरण लोक कला नाच पार्टी ग्राम धमदीटोला जिला गोंदिया महाराष्ट्र की प्रस्तुति होगी। समिति के सदस्य हेमशंकर देशमुख शिव साहू ने बताया कि आयोजन के दौरान किसी तरह की भगदड़ न हो और कोई पुतला दहन में बाधा ना डालें इसके लिए चेतावनी की जारी की गई कि अगर कोई भी व्यक्ति अशांति फैलाता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# अतिरिक्त सचिव मनीष ने किया भैंसबोड़ अमृत सरोवर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा

विगत हो कि 2 अक्टूबर को भारत सरकार के प्रतिनिधि अतिरिक्त सचिव श्री मनीष ठाकुर आदि कर्मयोगी में शामिल ग्राम में निरीक्षण करने पहुंचे थे। जनपद पंचायत डौंडी अंतर्गत ग्राम गुजरा दानीटोला में ग्रामीणों से चर्चा उपरांत भैंसबोड़ में निर्मित अमृत सरोवर का जायजा लेने पहुंचे। जहां उन्होंने अमृत सरोवर में हो रहे परंपरागत पर्व को देखा। अमृत सरोवर तालाब में ग्रामीणों द्वारा राम लीला का अद्भुत प्रदर्शन किया जाता है जहां सीताहरण पुष्पकविमान (नाव में सज्जित) से लेकर राम रावण युद्ध अमृत सरोवर में नाव के माध्यम से प्रदर्शन किया जाता है।



गांव के सामान्य तालाब को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विस्तृत कार्ययोजना बनाकर अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया गया है। जो इस कार्यक्रम को और मनमोहक बनाता है। अतिरिक्त सचिव द्वारा अमृत सरोवर का तारीफ करते हुए कहा कि इस प्रकार का वातावरण ग्रामीणों को अपने परंपरागत जीवन जीने के लिए जगह देता है, और ग्रामीण मनमोहक तालाब किनारे बैठकर बाते कर दुख सुख बांटते है जो शहरों में नहीं होता। निरीक्षण के दौरान साथ में कलेक्टर जिला बालोद दिव्या उमेश मिश्रा,सीईओ जिला पंचायत सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम सुरेश साहू डौंडी, सहायक परियोजना अधिकारी ओपी साहू, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत डौंडी,कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत डौंडी सहित जिला एवं जनपद स्तर के आला अधिकारी एवं बहुत संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





